नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 109/2021
Dt- 10-03-2021

Arrh. 12/03/2021

अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर में एन.एच. 527A निर्माण हेतु अधिगृहित भूमि के भू–स्वामियों में व्याप्त असंतोष को दूर करने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर में एन.एच. 527 A निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। अधिग्रहण में भू–स्वामी की भूमि की श्रेणी कृषि, आवासीय एवं व्यवसायिक श्रेणी में रखकर मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया है।

भूमि की श्रेणी निर्धारित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, झंझारपुर की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय छः सदस्यों की कमिटी का गठन भी किया गया है। गठित कमिटी द्वारा की गयी श्रेणी निर्धारण से भू–स्वामियों में असंतोष है। भू–स्वामियों द्वारा अपने स्तर से इसके प्रतिवाद में अनुमंडल एवं जिला स्तर पर आवेदन भी दिया गया है, लेकिन मामले का सही निबटारा नहीं होने से वे आज भी व्यथित हैं। अनेक भू–स्वामियों की अधिकांश भूमि अधिग्रहण में शामिल है।

मेरा सुझाव होगा कि है, भू–स्वामियों में असंतोष को देखते हुए विभागीय स्तर पर एक कमिटी बनाये जाने की आवश्यकता है, जो झंझारपुर अनुमंडल स्तर पर भू–स्वामियों विश्वास में लेते हुए मुआवजा संबंधी वादों का निबटारा कर सकें। यदि विभागीय कमिटी के गठन में परेशानी है तो छः सदस्यीय अनुमंडल स्तरीय कमिटी को ही भू–स्वामियों को विश्वास में लेते हुए भूमि अधिग्रहण संबंधी श्रेणीगत खामियों को दूर करने एवं वादों के निबटारे हेतु निदेशित करने की आवश्यकता है, ताकि वे संतुष्ट हो सकें।

अतः अनुरोध है कि भू–स्वामियों में व्याप्त असंतोष के निदान हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
10·3·21
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in